# मैराथन युद्ध का इतिहास, मुख्य कारण और परिणाम

**मैराथन का युद्ध:**

**मैराथन का युद्ध कब और किसके बीच लड़ा गया था?**

मैराथन का युद्ध 490 ई.पू. मैराथन नामक स्थान पर यूनानी सेनाध्यक्ष मिल्टियाड्स एवं फ़ारस के राष्ट्राध्यक्ष डेरियस के मध्य हुआ था। मैराथन युद्ध में यूनान की विजय हुई थी तथा फारस की सेना को शिकस्त झेलनी पड़ी थी। इस घटना की सूचना देने हेतु एक सेनिक ने पहली बार मैराथन की दोड लगाई थी।

**मैराथन का युद्ध का इतिहास:**

मैराथन का युद्ध 490 ई.पू. में यूनान व फारस के बीच मैराथन के मैदान में हुआ था। डेरियस फारस का राजा था। वह अत्यंत पराक्रमी था। पश्चिम में इजियन सागर से लेकर, पूर्व में सिंधु नदी तक, व उत्तर में सिथियन के मैदानों से लेकर, दक्षिण में मिस्र की नील नदी तक उसके राज्य का विस्तार था।

**मैराथन का युद्ध के कारण:**

उसकी साम्राज्य लिप्सा, दिनोंदिन बढ़ती ही जा रही थी। जब उसने एशिया के पश्चिमी किनारे पर बसे ग्रीक लोगों, जिन्हें आयोनियन कहा जाता था, को अधीनता का सन्देश भेजा, तो उनमें से थीब्स व इजीना की जनता ने तो स्वीकार कर लिया, परन्तु एथेंस व स्पार्टा के लोगों ने विरोध प्रकट कर दिया। तब डेरियस ने भारी जहाजी सेना सहित यूनान पर चढ़ाई कर दी। इसी से मैराथन के युद्ध का आरंभ हुआ।

**मैराथन युद्ध का परिणाम:**

मैराथन युद्ध के दौरान ईरानी सेना ने मार्ग में आने वाले टापू भी जीत लिये, यूबिया में आकर इरिट्रीया को घेरकर उसमें आग लगा दी। फिर मैराथम के मैदान में पड़ाव डाल दिया। प्लेटिका के यूनानी लोगों ने स्पार्टा को सहयोग संदेश भेजा। संदेश वाहक 150 मील 48 घंटों में पहुंचे। तब स्पार्टा के सहयोग से, तथा प्रतिभाशाली मिलिटियाड्स के कुशल नेतृत्व में 11000 की यूनानी सेना ने, 20000 की फारसी सेना को बुरी तरह हरा दिया।

मैराथन युद्ध के स्थानों से जुड़े महत्वपूर्ण तथ्य:

- **एथेंस:** एथेंस जिसे एथीना भी कहा जाता है, यूरोपीय देश यूनान की राजधानी एवं वहां का सबसे बडा शहर है।
- **नील नदी:** संसार की सबसे लम्बी नदी नील है, जो अफ़्रीका की सबसे बड़ी झील विक्टोरिया से निकलकर विस्तृत सहारा मरुस्थल के पूर्वी भाग को पार करती हुई उत्तर में भूमध्यसागर में उतर पड़ती है।
- **फ़ारस:** फ़ारस प्राचीन काल के कई साम्राज्यों के केन्द्र रहे प्रदेशों को कहते हैं, जो आधुनिक ईरान से तथा उससे संलग्न क्षेत्रों में फैला था।
- **मिस्र:** आधिकारिक तौर पर मिस्र अरब गणराज्य, एक देश है, जिसका अधिकांश हालांकि उत्तरी अफ़्रीका में स्थित है, जबकि इसका सिनाई प्रायद्वीप, दक्षिण-पश्चिम एशिया में एक स्थल पुल बनाता है।
- **यूनान:** ग्रीस अथवा यूनान यूरोप महाद्वीप में स्थित देश है।
- **सिन्धु नदी:** पाकिस्तान में बहती सिन्धु सिंधु पाकिस्तान की सबसे बड़ी नदी है।
- **स्पार्टा अथवा लासदेमों:** दक्षिण-पूर्वी पेलोपोन्नेस के लैकोनिया में यूरोटस नदी के तट पर बसा प्राचीन यूनान का प्रमुख नगर-राज्य था।